# डिस्कलेमर

**अंतरिम आदेश संख्या 08/2023-24 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।**

फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/जीआईएएल/2021-22

# भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

*****

**आदेश संख्या 08/2023-24**

ऐरा भवन
प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स
सफदरजंग हवाईअड्डा
नई दिल्ली– 110003

जारी करने की तारीख: 31 मई, 2023

| | | |
|---|---|---|
| **सेवाएं** | **:** | **कार्गो हैंडलिंग सेवाएं** |
| **सेवा प्रदाता** | **:** | **गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल)** |
| **हवाईअड्डा** | **:** | **लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी** |
| **हवाईअड्डा प्रचालक** | | **गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल)** |

**विषय : जीआईएएल द्वारा लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में प्रदान की जाने वाली अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 30.09.2023 तक की अवधि के लिए तदर्थ टैरिफ के मामले में**

**1. जीआईएएल की प्रस्तुति :**

1.1 गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) ने दिनांक 29 अप्रैल, 2023 के अपने पत्र संख्या जीआईएएल/सीओ/ऐरा-आईटी/2023/2 द्वारा प्राधिकरण से यह अनुरोध किया है कि वह लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में उनकी प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में तदर्थ टैरिफ के लिए अनुमोदन करें।

1.2 जीआईएएल ने यह भी कहा है कि:

(i) उन्होंने लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा , गुवाहाटी के प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 19.01.2021 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ पचास (50) वर्ष के लिए रियायत करार पर हस्ताक्षर किए हैं और लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी के हवाईअड्डा प्रचालक के कार्य को स्वीकार किया है। तदनुसार जीआईएएल ने 8.10.2021 (सीओडी) से अपने हवाईअड्डा प्रचालन प्रारंभ कर दिए हैं। रियायत करार के खंड 19.4 के अनुसार जीआईएएल को हवाईअड्डे पर कार्गो हैंडलिंग सुविधाएं/सेवाएं प्रदान करनी है। उपर्युक्त के अनुसरण में जीआईएएल की ओर से लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में इसकी अंतररदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाएं शुरू करने की प्रक्रिया जारी है।

(ii) इस समय जीआईएएल पांच (05) वर्ष की तृतीय नियंत्रण अवधि (01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2027) के लिए एमवाईटीपी तैयार कर रही है और इसे यथासमय प्राधिकरण को प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

(iii) स्वतंत्र सेवा प्रदाता ने प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि वह हवाईअड्डा प्रचालक के लिए उसकी कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक गुवाहाटी हवाईअड्डे पर उनकी प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए तदर्थ आधार पर लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में समान प्रकार की सेवा प्रदान करने वाले अन्य कार्गो रियायतग्राही अर्थात मैसर्स एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एएआईसीएलएएस) के लिए लागू अनुमोदित टैरिफ (वित्त वर्ष 2023-24) वसूल करने के लिए अनुमति दे।

## 2. <u>प्राधिकरण द्वारा जीआईएएल के अनुरोध की जांच :</u>

2.1 जीआईएएल की प्रस्तुति की प्रांरभिक संवीक्षा करने के उपरांत प्राधिकरण नोट करता है कि जीआईएएल से यह अपेक्षा है कि वह जीआईएएल और एएआई के बीच किए गए दिनांक 19 जनवरी, 2021 के रियायत करार के खंड 19.4 के अनुसार लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में कार्गो हैंडलिंग सेवाएं/सुविधाएं प्रदान करें।

2.2 प्राधिकरण को जीआईएएल की प्रस्तुति से यह ज्ञात होता है कि इसने लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में अपने प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग प्रचालनों के संबंध में प्रचालन एवं अनुरक्षण सहायता प्रदान करने के लिए तृतीय पक्षकार विक्रेता को नियुक्त किया है। ऐसी स्थिति में हवाईअड्डा प्रचालक और बाहरी स्रोत के तृतीय पक्षकार विक्रेता के बीच हुए करार का पूर्ण ब्यौरा और वास्तविक प्रयोक्ताओं पर होने वाले इसके वित्तीय प्रभावों की जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्राधिकरण हवाईअड्डा प्रचालक के लिए गुवाहाटी हवाईअड्डे पर इसकी कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित करते समय इस मुद्दे का विस्तृत विश्लेषण करेगा।

2.3 हवाईअड्डा प्रचालक ने दिनांक 10.05.203 की ई-मेल द्वारा जीआईएएल की ओर से मैसर्स बैंगलुरू एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीएटीएस) के पक्ष में जारी दिनांक 30.03.2023 के कार्य सौंपने संबंधी पत्र (एलओए) संख्या जीआईएएल/पीआरओसी/एलओआई/22/78 और बीसीएएस के दिनांक 31.10.2022 के पत्र संख्या फाइल संख्या 15-51/116/2022-लखनऊ-बीसीएएस-खंड (1) (ई-217319) द्वारा बीएटीएस के पक्ष में जारी बीसीएएस की सुरक्षा अनुमति की प्रतियां प्रस्तुत की हैं। यह सुरक्षा अनुमति जारी किए जाने की तारीख से पांच (05) वर्ष की अवधि या हवाईअड्डा प्रचालक के साथ संविदा की वैधता की अवधि, जो भी पहले हो, तक वैध है।

2.4 प्राधिकरण नोट करता है कि मैसर्स बीएटीएस के पास हवाईअड्डों पर विनियमित एजेंट (आरए) के रूप में प्रचालन करने के लिए बीसीएएस की वैध सुरक्षा अनुमति है और इसे जीआईएएल द्वारा गुवाहाटी हवाईअड्डे पर हवाईअड्डा प्रचालक के कार्गो प्रचालन के लिए प्रचालन एवं अनुरक्षण सहायता प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया है।

2.5 प्राधिकरण ने पहले दिनांक 01.09.2020 के आदेश संख्या 39/2020-21 द्वारा 01.10.2020 से प्रभावी प्रथम नियंत्रण अवधि के लिए लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में अन्य कार्गो टर्मिनल प्रचालक अर्थात एएआईसीएलएएस द्वारा प्रदान की जाने वाली कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए टैरिफ निर्धारित की थी और यह 31.03.2024 तक वैध है।.

2.6 प्राधिकरण नोट करता है कि जीआईएएल द्वारा लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी से संबंधित कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए एमवाईटीपी प्रस्तुत करने और परामर्श पत्र तथा टैरिफ आदेश जारी करने सहित नियमित टैरिफ निर्धारित करने की विनियामक प्रक्रिया के पूर्ण होने में थोड़ा समय लगेगा।

2.7 इसलिए, प्राधिकरण अंतरिम व्यवस्था के रूप में जीआईएएल को इसके प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो प्रचालनों के लिए अंतरदेशीय कार्गो प्रचालन प्रांरभ करने की वाणिज्यिक तारीख (सीओडी) से 30.09.2023 या जीआईएएल की कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में इसके लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में अन्य कार्गो प्रचालक अर्थात एएआईसीएलएएस के लिए लागू अनुमोदित टैरिफ (वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए) के आधार पर ए तदर्थ टैरिफ लगाने की अनुमति देने का निर्णय लेता है।

2.8 इसलिए, प्राधिकरण अंतरिम व्यवस्था के रूप में जीआईएएल को इसके प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो प्रचालनों के लिए अंतरदेशीय कार्गो प्रचालन प्रारंभ करने की वाणिज्यिक तारीख (सीओडी) से 30.09.2023 या जीआईएएल की कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में इसके लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में अन्य कार्गो प्रचालक अर्थात एएआईसीएलएएस के लिए लागू अनुमोदित टैरिफ (वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए) के आधार पर ए तदर्थ टैरिफ लगाने की अनुमति देने का निर्णय लेता है।

2.9 जीआईएएल को सलाह दी जाती है कि ऐरा के दिशा-निर्देश-2011 और रियायत करार के संगत खंडों के अनुसार लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित करने के लिए एमवाईटीपी समय पर प्रस्तुत करें।

## 3. आदेश

3.1 प्राधिकरण रिकॉर्डों में उपलब्ध तात्विक सामग्री पर ध्यान पूर्वक विचार करने के उपरांत भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण, 2008 की धारा 13(1) (ए) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्वारा आदेश देता है कि:

(i) गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) को अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए प्राधिकरण के दिनांक 01.09.2020 के आदेश संख्या 39/2020-21 के अनुसार एएआईसीएलआईएएस नामक अन्य कार्गो सेवा प्रदाता के लिए अनुमोदित टैरिफ (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए) के अनुसार अंतरदेशीय कार्गो प्रचालन प्रारंभ करने की तारीख (सीओडी) से 30.09.2023 तक या सेवा प्रदाता के संबंध में तृतीय नियंत्रण अवधि के लिए कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, संलग्नक-I के अनुसार तदर्थ आधार पर प्रभार लगाने और वसूल करने की अनुमति दी जाती है।

(ii) यह आदेश कार्गो टर्मिनल प्रचालक द्वारा लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी में उनकी प्रस्तावित अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाएं शुरू करने से पहले संबंधित प्राधिकरणों से अपेक्षित विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने पर प्रभावी होगा।

(iii) ऊपर बताए अनुसार अनुमोदित कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के प्रयोक्ताओं से वसूल की जाने वाली अधिकतम टैरिफ है। अनुमोदित टैरिफ के अतिरिक्त अन्य कोई प्रभार नहीं लगाया जाएगा।

(iv) इसमें अनुमोदित टैरिफ दरों में लागू कर, यदि कोई हो, शामिल नहीं है।

(v) हवाईअड्डा प्रचालक ऐरा के दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार तृतीय नियंत्रण अवधि के लिए कार्गो हैंडलिंग सेवाओं के संबंध में एमवाईटीपी समय पर प्रस्तुत करेगा।

**प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता**

**(कर्नल मनु सूदन)**
**सचिव**

**सेवा में,**

**श्री मनोज चांदुका, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,**

**गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड**,

अदानी कॉरपोरेट हाऊस, शांतिग्राम, वैष्णो देवी सर्किल के पास

एस.जी. हाइवे,खोडियार, अहमदाबाद – 382421

गुजरात

प्रतिलिपि : सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली -110003 को सूचनार्थ।